कांग्रेस ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर भावपूर्ण स्मरण करते हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम को आईएएस, आईपीएस एवं आईएफएस ने धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाएं दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को मुख्यमंत्री आवास में दीपावली मिलन के अवसर पर आईएएस, आईपीएस एवं आईएफएस अधिकारियों ने धनतेरस एवं दीपावली की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी अधिकारियों को धनतेरस व दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य सचिव ओम प्रकाश, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, मनीषा पंवार, प्रमुख सचिव आनन्द वर्धन, पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार रतूड़ी, डीजी लॉ एण्ड ऑर्डर अशोक कुमार, प्रमुख वन संरक्षक श्रीमती रंजना काला एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने दीपावली मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

### 1100 दीयों का किया गया वितरण

**संवाददाता** देहरादून। रायपुर विधानसभा के अंतर्गत वार्ड 51 वाणी विहार में भाजपा के युवा नेता सूरज रावल के नेतृत्व में बस्ती की महिलाओं को छोटी दीपावली के अवसर पर महानगर महिला मोर्चा द्वारा आत्म निर्भर भारत स्वदेशी अपनाओ के तहत 1100 दीयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष कमली भट्ट ने कहा कि दीपावली के दिन एक दीया कोरोना वारियर्स के नाम से व एक दीया शहीदों के नाम पर सभी महिलाओं से अपने–अपने घर पर जलाने का आग्रह किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज की शुभकामनायें दी।

### हनुमान का जन्मोत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया

**संवाददाता** देहरादून। माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव गढ़ी कैंट देहरादून में आज हनुमान का जन्मोत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान को सिंदूर का चोला धारण कराकर नए वस्त्र आभूषण पुष्पमाला आदि धारण कराई गई, विशेष पूजा अर्चना के बाद संगीत मय सुंदरकांड पाठ, भजन कीर्तन, यज्ञ और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ।

### दो दिन चलेगा एनएपीएसआर का दीपावली पर प्रोजेक्ट मुस्कान

**संवाददाता** देहरादून। नैशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स द्वारा देहरादून के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं व समाज सेवियों के साथ मिलकर प्रोजेक्ट मुस्कान का आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया गया जिसमे विभिन्न स्थानों पर जाकर जरूरतमन्दों को मिट्टी के दिये, मिठाई, कपड़े, तेल, फल इत्यादि वितरित की गयी। कुष्ठ रोगियों को फल व मिठाई एवं दीये तेल व बाती वितरित किये गए।

# दीपावली पर केन्द्र से उत्तराखण्ड को तोहफा

**तोहफा**

■ राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत 84.59 करोड़ रूपये की मिली स्वीकृति

**संवाददाता**

देहरादून। दीपावली पर केन्द्र सरकार की ओर से उत्तराखण्ड को बड़ा तोहफा मिला है। कुम्भ मेले के दृष्टिगत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के अनुरोध पर इसके तहत 84.59 करोड़ रूपये की स्वीकृति मिली है। हरिद्वार कुंभ मेले में स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं अन्य गतिविधियों के लिए 79.12 करोड़ रूपये, पेयजल निगम को 2.55 करोड़ रूपये एवं उत्तराखण्ड जल संस्थान को 2.92 करोड़ रूपये की धनराशि इसमें शामिल है।

स्वच्छ गंगा मिशन के तहत हरिद्वार कुंभ मेले में स्वच्छता के साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की कार्य योजना के क्रियान्वयन में इस धनराशि की स्वीकृति से गति मिलेगी तथा कुम्भ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को इससे लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल शक्ति मंत्रालय द्वारा उत्तराखण्ड में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरा सहयोग दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में हरिद्वार कुंभ मेले के आयोजन से सम्बन्धित कार्यों के अंतर्गत केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री से राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा के तहत विभिन्न कार्यों के लिए सहायता का अनुरोध किया था, जिसके तहत यह धनराशि राज्य को प्राप्त हुई है।

इसके साथ ही आगामी कुम्भ मेले के दृष्टिगत मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने ऋषिकेश क्षेत्र में त्रिवेणी घाट पर सरस्वती नाले की टेपिंग किये जाने के कारण क्षतिग्रस्त घाट एवं प्लेट फार्म पुनर्निर्माण के लिये 1 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है।

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार जलोत्सरण योजना में सीवर लाइनों को बदलने एवं मैन हॉल चेम्बरों के पुनर्निर्माण आदि के लिये भी 4. 87 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि मेलाधिकारी कुम्भ मेले के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी।

## मुख्यमंत्री ने दिये गैरसैंण में स्थापित होने वाले सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गैरसैंण में कौशल विकास योजना के अन्तर्गत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की घोषणा भराड़ीसैंण में राज्य स्थापना दिवस पर की थी। गैरसैंण में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं एवं शीघ्र क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तराखण्ड पलायन आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. एस. एस.नेगी, मुख्यमंत्री के तकनीकि सलाहकार डॉ. नरेन्द्र सिंह एवं निदेशक कौशल विकास डॉ. आर राजेश कुमार 20 नवम्बर 2020 तक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत कौशल विकास एवं विभिन्न व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार करेंगे।

गैरसैंण में यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस यूएनडीपी के सहयोग से बनाया जायेगा। इसमें लोगों को उद्यमिता विकास एवं आजीविका बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिये जायेंगे। शुरूआती चरण में यूएनडीपी द्वारा इससे संबंधित प्रशिक्षण दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन को रोकने एवं लोगों की आर्थिकी में सुधार की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। विभिन्न रूरल ग्रोथ सेंटर भी लोगों की आर्थिकी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### कांग्रेस ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर भावपूर्ण स्मरण किया

**संवाददाता** देहरादून। देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर भावपूर्ण स्मरण किया और इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कांग्रेस भवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, भारत रत्न, स्वर्गीय पण्डित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि सभा एवं ''समाज निर्माण में पण्डित जवाहर लाल नेहरू के विचारों का योगदान'' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने पंडित नेहरू के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पण्डित जवाहर लाल नेहरू द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किये त्याग और योगदान पर हमें गर्व है। उन्होंने प्रगतिशील, धर्मनिरपेक्ष और आधुनिक भारत की जो आधारशिला रखने में योगदान दिया उसके लिए हम सब भारतवासी उन्हें कृतज्ञता से याद करते हुए नमन करते हैं। वक्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के पंचशील के सिद्धांत आज भी पूरी दुनिया को शांति का संदेश देते हैं।

# उत्तराखंड का लाल हुआ शहीद

**शहादत**

■ राकेश डोभाल ऋषिकेश के गंगानगर के रहने वाले थे

ऋषिकेश। **संवाददाता**

उत्तराखंड का एक और लाल देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गया है। जम्मू–कश्मीर बारामूला क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से बीएसएफ में सब इंस्पेक्टर राकेश डोभाल घायल हुए थे। बीएसएफ मुख्यालय से परिजनों को उनकी बलिदान की सूचना मिली। इससे पूरा क्षेत्र शोक में व्याप्त है।

तीर्थ नगरी ऋषिकेश के राकेश डोभाल बीएसएफ में सब इंस्पेक्टर थे। वे जम्मू–कश्मीर के बारामूला में तैनात थे। बीएसएफ मुख्यालय से उनके स्वजनों को बताया गया कि पाकिस्तान सेना की ओर से की गई गोलीबारी के दौरान मुकाबला करते हुए राकेश डोभाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसके बाद उनकी मृत्यु हो गई।



आपको बता दें कि राकेश डोभाल का परिवार ऋषिकेश के गली नंबर चार गणेश विहार गंगानगर में रहता है। उनके पिता कमल कांत डोभाल ऋषिकेश राजकीय महाविद्यालय कार्यालय में तैनात थे। उनके ड्यूटी के दौरान निधन के बाद उनकी धर्मपत्नी विमला देवी डोभाल राजकीय महाविद्यालय में कार्यरत हैं। क्षेत्र के पूर्व सभासद बृजपाल राणा ने बताया कि परिवार में राकेश तीन भाइयों में दूसरे नंबर के थे। बड़े भाई दीपक डोभाल ग्राफिक एरा देहरादून में टीचर है। छोटा भाई उमेश डोभाल दिल्ली होटल में कार्यरत है।

राकेश डोभाल की पत्नी संतोषी गृहिणी हैं और उनकी एक 10 वर्षीय बेटी है। राकेश की शहादत की सूचना पाकर उनके घर में भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। सभी शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बंधा रहे हैं।

### विधायक खजानदास ने किया निर्माण कार्य का शुभारंभ

**संवाददाता** देहरादून। डीएवी इंटर कॉलेज करनपुर में दो कमरों का निर्माण का कार्य का शुभारंभ राजपुर विधायक खजान दास द्वारा अपनी विधायक निधि से 10 लाख रुपए देकर किया गया।

यहां आज धनतेरस के अवसर पर राजपुर विधायक खजान दास द्वारा पूजा पाठ कर डीएवी इंटर कॉलेज में दो कमरों के निर्माण की शुरुआत की गई। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक खजान दास ने कहा कि सभी को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है और कहा कि जनता का पैसा है वह जनता के ही कार्यों में खर्च होना चाहिए। उन्होंने प्रधानाचार्य को विश्वास दिलाया कि आगामी विधायक निधि में दो कमरों का निर्माण वह करवा देंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय में हमारे देश का भविष्य शिक्षा ग्रहण करता है और हमारा फर्ज बनता है कि हम अपने नौनिहालों को अच्छी शिक्षा वह अच्छी व्यवस्था दें ताकि उनका भविष्य चमके और इसके लिए हरसंभव प्रयास किये जायेंगें।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।